महत्वपूर्ण

संख्या-6/2015/1386/31-2015-21/2015

प्रेषक,

आलोक रंजन,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,
1- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास
2- आवास एवं शहरी नियोजन
3- सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स
4- चिकित्सा शिक्षा
5- वन
6- नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन
7- गृह
8- पर्यटन
9- लोक निर्माण
10- राज्य सम्पत्ति
11- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
उ0प्र0 शासन।

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, लखनऊ दिनांक 30 अप्रैल,2015

विषयः- शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं की परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण हेतु प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप के गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश में लागू की गई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं की परियोजनाओं के नियमित रूप से अनुश्रवण की आवश्यकता अनुभव की जा रही है, जिससे ये समयबद्ध रूप से पूरी हों और उनका लाभ जनता को जल्द से जल्द मिले।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र के साथ संलग्न सर्वोच्च प्राथमिकताओं की परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन एवं नियमित अनुश्रवण हेतु निम्नानुसार तीन सदस्यीय प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप का गठन किया गया हैः-

1-	**अध्यक्ष**	**मुख्य सचिव,**
2-	**सदस्य**	**प्रमुख सचिव, वित्त**
3-	**सदस्य/संयोजक**	**श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा** **सचिव, मा0 मुख्यमंत्री**

http://shasanadesh.up.nic.in

3- संलग्न परियोजनाओं की मासिक सघन समीक्षा की जाएगी तथा अद्यतन प्रगति से प्रत्येक माह मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया जायेगा। अतएव सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग परियोजनाओं का गहन अनुश्रवण करते हुए प्रत्येक माह 07 तारीख तक परियोजनाओं की मासिक तथा क्रमिक प्रगति सदस्य/संयोजक को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
मुख्य सचिव।

संख्या- 6/2015/1386(1)/31-2015-21/2015—तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः-

1- प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4- प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

आज्ञा से,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

संख्या- 6/2015/1386(2)/31-2015-21/2015— तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
2- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपिडा, गोमती नगर, लखनऊ।
3- प्रबन्ध निदेशक, मेट्रो, लखनऊ।
4- उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
5- उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा।
6- प्रमुख वन संरक्षक, उ0प्र0, लखनऊ।
7- प्रबन्ध निदेशक, यू.पी.एस.आई.डी.सी. उ0 प्र0।
8- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उपशा उ0प्र0।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संलग्नक-1

प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप द्वारा अनुश्रवण की जानी वाली मा0मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं की परियोजनाओं

क्र0सं0	परियोजना का नाम	नोडल विभाग
1	आगरा से लखनऊ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे	अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास
2	लखनऊ मेट्रो	आवास एवं शहरी नियोजन
3	जनेश्वर मिश्र पार्क, लखनऊ	आवास एवं शहरी नियोजन
4	आई0टी0 सिटी लखनऊ	सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स
5	लखनऊ कैंसर संस्थान	चिकित्सा शिक्षा
6	इनर रिंग रोड, आगरा	आवास एवं शहरी नियोजन
7	लायन सफारी, इटावा	वन
8	सी0 जी0 सिटी	आवास एवं शहरी नियोजन
9	जय प्रकाश नारायण इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर	आवास एवं शहरी नियोजन
10	ट्रांस गंगा परियोजना	अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास
11	बैटरी पावर मोटराइज्ड रिक्शा योजना	नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन
12	100 नं0 डायल सेवा का सुदृढ़ीकरण	गृह
13	सेन्ट्रलाइज्ड मेगा काल सेन्टर	सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स
14	पुराने लखनऊ में चल रहे विकास कार्य	आवास एवं शहरी नियोजन
15	मैत्रेय परियोजना	पर्यटन
16	लखनऊ हाट (अवध शिल्प ग्राम योजना)	आवास एवं शहरी नियोजन
17	सभी जनपद मुख्यालयों को फोर लेन सड़क मार्ग से जोड़ना	लोक निर्माण
18	ताजगंज परियोजना आगरा	पर्यटन
19	नवीन मेडिकल कालेजों की स्थापना/निर्माण	चिकित्सा शिक्षा
20	नवीन सचिवालय भवन को क्रियाशील किया जाना	राज्य सम्पत्ति
21	100 शैया युक्त अस्पतालों एवं ट्रामा सेन्टरों की स्थापना/निर्माण	चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

http://shasanadesh.up.nic.in